# समाचार पत्रिका

माह जनवरी–मार्च 2023, संस्करण द्वितीय

# हिमालयीय विश्वविद्यालय

(Established Under Himalayiya University Act, 2019 Uttarakhand Act 08 of 2019)

&

## हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी.जी) मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय

(Recognised by NCISM,Ministry of Ayush, Govt. of India, New Delhi Affiliated to Uttarakhand Ayurved University, Dehradun)




# हौंसलों की उड़ान

मातृ शक्ति को समर्पित

## सम्पादक मंडल

| मुख्य संरक्षक | संरक्षक | सहयोग | सम्पादक |
|---|---|---|---|
| प्रो० प्रदीप कुमार भारद्धाज (कुलाधिपति) | डॉ० राजेश नैथानी (कुलपति) | डॉ० अंजना विलियम्स<br>डॉ० निशांत राय जैन | डॉ० ममता कुँवर<br>ग्राफिक्स/डिजाइन<br>शोभा राणा |

Campus



# हिमालयीय विश्वविद्यालय

भारतीय ज्ञान परम्परा का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है। ज्ञानार्जन के लिए गुरूकुलों में जाकर ज्ञान प्राप्त करना वैदिक काल से ही भारतीय ज्ञान पद्धति का हिस्सा है। विद्या प्राप्ति के इन स्थलों को प्रकृति के सानिध्य में शांतिपूर्ण वातावरण में स्थापित किया जाना श्रेयष्कर माना जाता है ताकि विद्यार्थी को शिक्षा ग्रहण करने की अवधि में शांत, ताजगी से भरा और सकारात्मक वातावरण में अध्ययन करने का लाभ प्राप्त हो सके। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019 में प्रकृति के रमणीय स्थल में हिमालयीय विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। हिमालय शान्ति एवं ज्ञान का अजस्र स्त्रोत है। हिमालयीय विश्वविद्यालय अध्ययन पर्यावरण, ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अपने वैदिक ज्ञान परम्परा के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय ज्ञान पद्धति एवं आधुनिक कम्प्यूटर युग को परस्पर समन्वय के साथ में हिमालयीय विश्वविद्यालय ज्ञान और अनुसंधान की नई ऊँचाइयों को छूने के लिए संकल्पित है। हिमालयीय विश्वविद्यालय में विभिन्न स्कूलों के अन्तर्गत स्नातक एवं परास्नातक में अनेक पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। देहरादून–ऋषिकेश–हरिद्वार के मध्य स्थान पर स्थित हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून से 27 किमी, ऋषिकेश से 25 किमी एवं हरिद्वार से 28 किमी तथा देहरादून हवाई अडडे् से मात्र 15 मि0 की दूरी पर स्थित है। एवं हरिद्वार से 30 किमी तथा देहरदून हवाई अड्डे से मात्र 15 मिनट की दूरी पर स्थित है।



# हिमालयीय चिकित्सालय

हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल विगत 17 वर्षों से आयुर्वेद के क्षेत्र में अपने अनुभवी एवं प्रखर टीम के साथ लोगों को स्वास्थ्य सेवायें प्रदान कर रहा है। अपने ध्येय सूत्र 'कामये दुःख तपता नां प्राणिनां अर्तिनाशनम्' अर्थात दुःख से पीड़ित प्राणियों के दुःख का नाश करने की कामना है को आत्मसात करते हुए हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी.जी.) मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय मनुष्य के स्वास्थ्य रक्षा के लिए संकल्पित है। कॉलेज की स्थापना वर्ष 2005 में डी फार्मा कोर्स के साथ हुई। एक वर्ष पश्चात 2006 में बी.ए.एम.एस. का पहला बैच शुरू हुआ। तब से लगातार उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर बढ़ते हुए वर्ष 2014 में स्नात्कोत्तर (पी.जी) 4 विषयों में प्रारम्भ हुई। वर्ष 2019 में हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को उत्तराखण्ड के सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेद कॉलेज से सम्मानित किया गया। कॉलेज के छात्र–छात्राओं का प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहता है। अपने अनुभवी शिक्षकों–कुशल चिकित्सकों एवं उत्कृष्ट प्रबन्धन के फलस्वरूप हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी.जी) मेडिकल कॉलेज सफलता के नये आयाम स्थापित करने हेतु संकल्पबद्ध है।



प्रो० (डॉ०)सुनील कुमार जोशी
कुलपति
उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय

## शुभकामना संदेश

मुझे अपार प्रसन्नता है कि हिमालयीय विश्वविद्यालय तथा हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी0जी0) मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, देहरादून द्वारा संस्था की समाचार पत्रिका के द्वितीय संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

हिमालयीय विश्वविद्यालय तथा हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी0जी0) मेडिकल कॉलेज व चिकित्सालय दोनो ही संस्थायें क्रमशः उच्च शिक्षा एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड राज्य में नये आयाम स्थापित कर रही हैं।

मैं दोनों संस्थाओं की उन्नति, प्रगति एवं उच्चवल भविष्य की कामना करता हूँ।

कोई भी विश्वविद्यालय रचनात्मक विचारों का भण्डार होता है। यहीं पर अनेकों ऐसी प्रतिभाएं छिपी होती हैं जिन्हे तराशने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है। परिसर में उत्कृष्टता का पहिया घूमता रहे, निरंतर प्रगति होती रहे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो। शैक्षिक, प्रौद्योगिकी, शिक्षण और सीखने की प्रक्रियाओं के रूप में मूल्यों और परंपराओं के साथ सर्वागीण विकास के लिए उठाये जा रहे मजबूत प्रयासों की श्रृंखला में विश्वविद्यालय का यह न्यूज लेटर का प्रथम अंक प्रकाशित हो रहा है जिसके लिए मै अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि विश्वविद्यालय के इन प्रयासों से परिसर में रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा मिलेगा। मानवीय भावना को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम मिलेगा और विद्यार्थियों में सृजनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।



डॉ० राजेश नैथानी
कुलपति
हिमालयीय विश्वविद्यालय



श्री बालकृष्ण चमोली
सचिव
हिमालयीय आयुर्वेदिक, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान

यह अपार प्रसन्नता एवं हर्ष का विषय है कि हिमालयीय विश्वविद्यालय एवं हिमालयीय आयुर्वेद पी.जी. मेडिकल कॉलेज देहरादून द्वारा संस्था की समाचार पत्रिका के द्वितीय संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा मै इस कार्य के लिये सम्पादक मंडल एवं अन्य सभी सहयोगियो को हार्दिक शुभकामनाये देता हूँ।

किसी भी संस्था का सफल संचालन एक टीम भावना के अन्तर्गत किये गये कार्य के आधार पर संस्था अपने उद्देश्यो को पाकर ख्याति प्राप्त करती है।

यह संस्था के लिये गौरव की बात है कि संस्था के सभी शिक्षक,स्टाफ छात्र–छात्राये सदैव संस्था हित में टीम भावना के साथ कार्य करते है. जिसके संयुक्त प्रयास से ही संस्था विगत वर्षो में आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के साथ–साथ आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी नये स्तर को प्राप्त कर रही है। संस्था निरंतर, ऊंचाइयों को हुए इस हेतु मेरी शुभकामनायें।

# सफलता के लिए जरूरी है हौंसलो की उड़ान

मातृशक्ति की अद्म्य जिजीविषा कर्मठता और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते सशक्त कदमों की सराहना करते हुए ''हौसलों की उड़ान' शीर्षक से विश्वविद्यालय की समाचारपत्रिका का द्वितीय अंक प्रकाशित होने पर अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस वर्ष महिला दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति, प्रतिकुलपति और संस्था की उपाध्यक्षा सुश्री विदुषी निशंक द्वारा सभी महिला सहायक कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। यह कार्य बेहद सराहनीय है। ये महिलाएं सही मायने में आत्मनिर्भरता और सशक्ता का उदाहरण हैं। अपने परिवार को आर्थिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से मजबूत करने में इन महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विश्वविद्यालय इन महिलाओं के जज्बे को सलाम करता है।

समाचार पत्रिका के इस अंक में जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक की समग्र गतिविधियों एवं उपलब्धियों को समाहित करने का प्रयास किया गया है। शैक्षणिक व्याख्यानों/सेमिनारों के दृष्टिगत यह तिमाही बहुत महत्वपूर्ण रही। विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों की व्यक्तिगत उपलब्धियों और प्राप्त सम्मानों ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सहित अन्तर्राष्ट्रीय फलक पर भी पहचान बढ़ाई है। खेलकूद प्रतियोगिताओं और विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों/सेमिनारों के आयोजन से छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास का मॉडल तैयार हुआ है।

विश्वविद्यालय की प्रगति और उपलब्धियों का दर्पण यह समाचार पत्रिका निश्चित रूप से आकर्षक, ज्ञानप्रद एवं महत्वपूर्ण जानकारियों की कुंजी के रूप में पाठकों की पंसद बनेगी। ऐसी मेरा विश्वास है।

धन्यवाद!




**सम्पादक**
**डॉ. ममता कुँवर**
**असिस्टेंट प्रोफेसर**
**(हिन्दी विभाग)**












# गतिविधियाँ

## सड़क सुरक्षा सप्ताह-



17 जनवरी को 'नीदं का अभाव, नशे का प्रभाव' थीम पर इस वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ख्याति प्राप्त ऑर्थो सर्जन पदमश्री डॉ0 बी0के0एस0 सजंय ने सड़क दुर्घटनाओं को न्यून करने की जानकारी एवं सड़क यातायात के नियमों के पालन करने की शपथ छात्र–छात्राओं को दी। उनके साथ आये डॉ0 गौरव संजय ने वीडियो के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय सुझाये।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस-

25 जनवरी को 'मेरा मतदान राष्ट्रहित में मेरा योगदान' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार में विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को डॉ0 अनूप बलूनी (डीन, कला एवं मानविकी) ने व्याख्यान के द्वारा मतदान के प्रयोग और उसकी महत्ता को समझाया तथा उन्होंने युवाओं से आह्वाहन किया कि राष्ट्र के लिए मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी अपनी सहभगिता करें।






## सांसद खेल महोत्सव-

25 जनवरी को "सांसद खेल महोत्सव" के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों ने क्रिकेट, बैडमिन्टन वॉलीबाल, रस्साकस्सी और दौड़ प्रतियोगिताओं में भाग लिया विजेता खिलाड़ियों को मा0 सांसद हरिद्वार डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)-

आजादी के अमृत काल में मनाये जाने वाले 74वे गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड, मा0 सांसद हरिद्वार, डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक ने तिरंगा ध्वज फहराकर सभी को शुभकामनाएं दी तथा आत्मनिर्भर भारत, सशक्त भारत, समृद्ध भारत, श्रेष्ठ भारत और एक भारत बनाने के लिए सभी से संकल्प लेने का आहवाहन किया।





## रक्तदान महादान-

27 जनवरी को हिमालयीय कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा हिमालयीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 45 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया।

## जल, जंगल, जमीन बचाओ -

28 जनवरी को जलवायु परिर्वतन और कार्बन जस्टिस विषय पर मुख्य वक्ता डॉ0 एस. पी. सिंह (पूर्व कुलपति एच.एन.बी. गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय) रहे। उन्होंने सभी से आह्वाहन किया कि ईधन और पेड़–पौधो की खपत वाले उत्पादों का कम से कम उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे।






## उद्यमिता से बढ़ती आत्मनिर्भरता-

5 फरवरी को उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता डॉ0 अक्षिता बहुगुणा ने छात्र–छात्राओं को उद्यामिता के गुर सिखाये तथा इसकी महत्ता को भी बताया।

## हिमालय में विज्ञान-




हिमालयीय आयुर्वेदिक पी.जी. मेडिकल कॉलेज एवं हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में काउंसिल ऑफ साइंस एवं टेक्नोलॉजी (यूकॉस्ट) के सौजन्य से "रोल ऑफ आयुर्वेद एवं योगा इन पेंडेमिक" (महामारीयों में आयुर्वेद एवं योग की भूमिका) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में यूकॉस्ट की वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ0 अपर्णा सरीन मुख्य अतिथि रहीं। कार्यशाला में आयुर्वेद एवं योग विषय विशेषज्ञों द्वारा महामारी के दौरान आयुर्वेद एवं योग की भूमिका विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष सुश्री विदुषी निशंक ने परिसर में काम कर रहीं महिला सहायक कर्मचारियों कों महिला सशक्तिकरण का नायाब उदाहरण सम्बोधित कर उन्हें प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उमंग, उत्साह, प्रेम, से सरोबार नये लक्ष्यों की ओर आत्मनिर्भर मातृशाक्ति के बढ़ते कदम और हौंसलों की उड़ान निरन्तर जारी है। महिला दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समाचार पत्रिका के प्रथम अंक का लोकपर्ण भी किया गया।

## आयुर्विद्यारम्भ संस्कार -




15 मार्च से आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने और आयुर्वेद के महत्व को पूरे विश्व में प्रसारित करने के लिए बी.ए.एम.एस. के नव आगतुंक छात्र–छात्राओं का 15 दिवसीय आयुर्विद्या आरम्भ संस्कार का आयोजिन किया गया। छात्र–छात्राओं ने इन 15 दिनों में आयुर्वेद के क्षेत्र में विभिन्न अनुभवी विद्वानों के व्याख्यान का लाभ प्राप्त किया तथा पंतजलि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण किया।

## वेद और विश्व शान्ति अभियान -

17 मार्च को वेद और विश्व शान्ति अभियान– वेद और विश्व शान्ति की 15 वीं श्रृखंला में परिसर में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें महर्षि यूनीवसिर्टी लैटिन नीदरलैण्ड के कुलपति डॉ0 राजा लुईस एवं धर्मगुरू महंत वीरेन्द्र नन्द जी महाराज ने वेदों में ही विश्वशांति एवं मानवकल्याण का मार्ग बताया है।



## G20 शिखर सम्मेलन -



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को चरितार्थ करते हुए भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज की है। इसी का परिणाम है कि इस बार के G20 सम्मेलन की अध्यक्षता भारत कर रहा है। इसी के अंतर्गत एक अंर्तराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया जिसमें मुख्यअतिथि डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक मा0 सांसद हरिद्वार रहे। वक्ता के रूप मे डॉ0 राजा लुईस (VC, UMLAC) नीदरलैण्ड, डॉ0 अखिल काला (थाइलैण्ड), डॉ0 हरबिदंर (पेरिस) और श्री कुमार गौरव (उद्यमी) रहें।

विश्वविद्यालय की अवस्थापना शैक्षणिक गतिविधियों रचनात्मक क्रिया कलापों के अवलोकन के लिए आसपास के विद्यालयों के छात्र अपने अध्यापकों सहित पहुंचे हिमालयीय कॉलेज ऑफ नार्सिंग के अध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं ने आंगतुक छात्र–छात्राओं को जीवन रक्षक स्किलन First Aid के गुण भी सिखाये सभी के चेहरों के प्रसन्नता और सुखद आश्चर्य के भाव विश्वविद्यालय के बढ़ते कदमों की परिचायक थे।

## शैक्षणिक भ्रमण की श्रृखंला में आये विद्यालय

- राजकीय इण्टर कॉलेज,माजरी ।
- होली एंजिल सी. से0 स्कूल।
- राजकीय इण्टर कॉलेज, बड़ोवाला
- पब्लिक इण्टर कॉलेज, ऋषिकेश।
- हिमालयन पाब्लिक स्कूल, माजरी ।
- राजकीय हाई स्कूल, शेरगढ़
- गर्ल्स राजकीय इण्टर कॉलेज, ऋषिकेश।
- सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, डोईवाला।



# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर



संस्था परिसर में सभी ग्राम वासियों (अठूरवाला, धर्मुचक, शेरगढ) के लिए हिमालयीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल चिकित्सको द्वारा परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क सेवाऐ दी।

संस्था परिसर में शालक्य तंत्र विभाग द्वारा जीवनवाला, माजरी में निःशुल्क शिविर आयोजन किया गया। जिसमें रोगियों का परीक्षण, परामर्श एवं चिकित्सा की गयी। इस चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर में 28 रोगियों ने परीक्षण, एवं परामर्श प्राप्त किया।





हिमालयीय विश्वविद्यालय के फिजिओथेरेपी विभाग द्वारा नुन्नावाला गुरूद्वारा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

संस्था परिसर में 'स्त्री रोग एवं प्रसूति तंत्र विभाग' से World Breast Feeding Day का आयोजन किया गया। जिसमें रोगियों का परीक्षण, परामर्श एवं चिकित्सा की गयी। इस चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर में 25 रोगियों ने परीक्षण, एवं परामर्श प्राप्त किया।





हिमालयीय आयुर्वेदिक (पी.जी) मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के द्वारा डोईवाला, में चिकित्सा, स्वास्थ एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर को बाल रोग एवं स्त्री प्रसूति विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से आयोजित किया गया।

# सम्मान-




## डॉ० प्रदीप कुमार भारद्वाज
(कुलाधिपति)
लाइफाटाईम अचीवमेंट अवार्ड, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय।

**डॉ० अंजना विलियम्स** (रजिस्टार/प्रिंसिपल)
यशस्विनी सम्मान
''ओशीन वीमेन वेलफेयर ट्रस्ट, हरिद्वार''



**डॉ० ममता कुँवर** (असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी)
यशस्विनी सम्मान
''ओशीन वीमेन वेलफेयर ट्रस्ट, हरिद्वार''



**उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के छात्रों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किये-**



आयु वर्ग 19–22 में **रजत पदक**

अमीषा रावत
B.Sc Yoga
4th Semester



आयु वर्ग 19–22 में **कांस्य पदक**

अंजली नेगी
B.Sc Yoga
2nd Semester



आयु वर्ग 19–22 में **रजत पदक**

मोहित रावत
B.Sc Yoga
2nd Semester



आयु वर्ग 22–25 में **स्वर्ण पदक**

राघव गुप्ता
BAMS-2020



आयु वर्ग 22–25 में **स्वर्ण पदक**

एकता रावत
M.A Yoga

# शोध पत्र, आलेख पुस्तक प्रकाशन



**डॉ० निशांत राय जैन**
(एसोसिएट प्रोफेसर)
स्वस्थवृत्त

शीर्षक: Assesment of Mental Stress Level and Academic Difficulties Among the Students during the Lockdown of Covid-19

शोध पत्रिका: World Journal of Pharmacy and Pharmaceutical Science.
Vol-11, Issue,5, 1919-1938
ISSN - 2278 - 4357



**डॉ० नवीन जसोला**
(सहायकाचार्य), मौलिक सिद्धान्त

1. विषय : वाल्मीकि रामायणे प्रयुक्तानां इन्दसां निदर्शनम शोध प्रभा, जनवरी 2023
2. विषय : रूंप देहि जयं देति यशो देहि द्विषोमहि, वेलनेसकेयर पत्रिका



**डॉ० निधि उपाध्याय**
(असिस्टेंट प्रोफेसर), अंग्रेजी

Title : Fury of Mira in Kamala Markandaya's 'Some inner Fury'
International Journal of English Research
Vol. A- Issue, 1 ISSN - 2455-2186, Impact Factor - RJIF 8



**डॉ० ममता कुँवर**
(असिस्टेंट प्रोफेसर)
हिन्दी

पुस्तक सम्पादित : डॉ0 निशंक के गीतों में प्रकृति, संस्कृति, और देशभक्ति
प्रकाशक : स्याही ब्लू बुक्स, दिल्ली
ISBN - 978-81-942854-3-4

# सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी में प्रतिभाग

**डॉ० नवीन जसोला**
**(सहायकाचार्य)**
**मौलिक सिद्धान्त**

१. **शोधपत्रवाचनम्** – अखिलभारतीय संस्कृतशोधसम्मेलनम् (उत्तराखंड संस्कृत अकादमी)
**विषय** – वर्तमानयुगे डा वी राघवन्महोदयानां काव्यानामुपादेयता।
**तिथि** – 17–18 मार्च

२. **शोधपत्रवाचनम्** – अखिलभारतीयसंस्कृतशोधसम्मलेन नम्
**विषय** – सस्कृतसाहित्ये वसुधैव कुटुम्बकम् संस्कृतशोधसम्मेलनम् (केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय: हरिद्वारम्)
**तिथि** – 26 मार्च 2023।

३. **भाषाप्रबोधनवर्ग:** – 01–12 जनवरी
**विषय:** संस्कृतसम्भाषणाशिक्षणम्। उत्तराखण्डसंस्कृतविश्वविद्यालय हरिद्वार।

**डॉ० काव्या काला**
**(असिस्टेंट प्रोफेसर)**
**क्रिया शारीर**

Participated as Trainee in 6 Days Continuing of Medical Education (CME) for Teacher's on Kriya Sharir
Organized by : Govt. Ayurvedic College & Hospital, Chaukaghat, Varasnasi

# Photo Gallery




हिमालयीय हॉस्पिटल


Canteen






STAFF
QUARTER




कुसुम
वाटिका













हिमालयीय विश्वविद्यालय

# HIMALAYIYA UNIVERSITY

(Establishedby the Government of Uttarakhand Vide Act No. 08 of 2016)

## HIMALAYIYA COLLEGE OF NURSING

B.Sc Nursing - (Bachelor of Science in Nursing)

## SCHOOL OF YOGIC SCIENCE & NATUROPATHY

Bachelor of Naturopathy & Yogic Science ( Become a Docter without Neet Exam)

B.Sc, M.Sc, PG Diploma, Ph.D - Yogic Science
M.A. - Yoga
Certificate - Yoga

## SCHOOL OF PARAMEDICAL & HEALTH SCIENCE

Bachelor of Physiotherapy (BPT)
Bachelor in Medical Laboratory Technology (BMLT)
Bachelor in Medical Radio Imaging Technology (BMRIT)
B.Sc.Optometry




## SCHOOL OF MANAGEMENT STUDIES

BBA - General / Aviation / Aviation & Hospitality
MBA - Finance / HR / Marketing / Aviation / Aviation & Hospitality / Hospital Management / International Business/Logistics & Supply Chain Management
Ph.D - Management

## SCHOOL OF COMMERCE

B.Com. , M.Com. - Commerce
Ph.D. - Commerce

## SCHOOL OF JOURNALISM & MASS COMMUNICATION

BJMC, MJMC, PG Diploma, Ph.D - Journalism & Mass Communication



## SCHOOL OF COMPUTER APPLICATION

BCA, PGDCA, Ph.D - Computer Application

## SCHOOL OF ACTING AND PERFORMING ARTS

Certificate/ Diploma in Music (Dhol/Sitar/Dholak/ Harmonium/Violin/Flute/Damaoo/Hudka/Mangal Gayan)
M.A. - (Theatre / Music)
Ph.D. - (Theatre / Music)

## SCHOOL OF ARTS & HUMANITIES

B.Lib, M.Lib, Ph.D in library & Information Science
Certificate Course in Hindi Patrakarita evam Jan Sanchaar
Diploma / PG Diploma in Jyotish & Karmakand
B.A./ M.A - English / Hindi / Sanskrit / History / Political Science / Sociology / Education / Economics / Music / Psychology.
Ph.D - English / Hindi / Sanskrit / Political Science / Social Work / Sociology / Education / Economics / History

## SCHOOL OF HOTEL MANAGEMENT

Diploma in Hotel Management

+91-9927026351
7300568080
7300568282
admissionhu.2021@gmail.com
www.himalayiyauniversity.in

**HIMALAYIYA UNIVERSITY**
Fatehpur Tanda, Jeevanwala,Doiwala-248140
Dehradun, Uttarakhand, (India)

Estd. 2006

# HIMALAYIYA AYURVEDIC (PG) MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL



## D. Pharma

(Ayurveda Bhaishajya Kalpak)

Duration - 2 Years

Eligibility
10+2 with PCB

## BAMS

(Ayurvedacharya)

Duration - 5½ Years

Eligibility Criteria
10+2 with PCB
(Admission Through NEET)

## MD(Ay)

(Ayurvedvachaspati)

Duration - 3 Years

Eligibility Criteria
BAMS Passed
(AdmissionThrough AIAPGET)

## MA Yoga - 2 Years

PG Diploma Yoga - 1 Year

Certificate in Yoga - 6 Months

Eligibility Criteria
Graduate Passed in any Stream for MA & PGD
10+2 passed for Certificate

## Panchkarma Technician

Duration - 1 Year

Eligibility Criteria
10+2 with PCB

Campus-

Campus- Himalayiya University, Fatehpur Tanda, Post-Via Doiwala, Jeevanwala, Dehradun-248140 (Uttarakhand)

Contact : 7500111177, 9412052886

Email: hamcayu@gmail.com Website: www.hamc.org.in

# HIMALAYIYA UNIVERSITY

(established Under Himalayiya University Act, 2019 Uttarakhand Act 08 of 2019)

at Uttarakhand's very own

&

# HIMALAYIYA AYURVEDIC (PG) MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL







For Admission Enquiry admissionhu.2021@gmail.com www.himalayiyauniversity.in

## Himalayiya University Campus

Fatehpur-Tanda, Jeevanwala, P.O.- Doiwala,
Dist.- Dehradun (Uttarakhand) India-248140

University Admission Office Contact :
+91-9927026351, 7300568080,
7300568282

Medical College Contact No. :
7500111177, 9412052886

www.himalayiyauniversity.in
E-Mail : himuni2019@gmail.com

www.hamcayu@gmail.com
Website: www.hamc.org.in